# जनजातीय गौरव दिवस-2022 की रिपोर्ट

डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम शासकीय महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना यूनिट और स्काउट एवं गाइडस यूनिट द्वारा आज दिनाँक 15 अक्तूबर को “जनजातीय गौरव दिवस” बड़े धूमधाम से मनाया गया. दीप-प्रज्ज्वलन के उपरांत कार्यक्रम के संयोजक डॉ. शहाबुद्दीन ने कार्यक्रम की संक्षिप्त रुपरेखा प्रस्तुत करते हुए विशेष अतिथि प्रोफ़ेसर राजकिरण त्रिपाठी, प्राचार्य डॉ. भगवानजी झा एवं मुख्य वक्ता श्रीमती गीता गामित का पुष्प देकर स्वागत किया. मुख्य अतिथि ने जहाँ आदिवासी जीवन के संघर्ष और समस्याओं को समझने के सूत्र दिए वहीँ प्राचार्य महोदय ने कार्यक्रम की पृष्ठभूमि पर प्रकाश डाला और इसे भारत सरकार का सराहनीय प्रयास बताया. मुख्य वक्ता ने स्वतंत्रता सेनानी विरसा मुंडा के अवदान की चर्चा करते हुए औपनिवेशिक शासन के कुकृत्यों पर प्रकाश डाला. इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने वाक् प्रतियोगिता एवं चित्रकला प्रतियोगिता में बड़े उत्साह से भाग लिया. राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों एवं स्काउट्स एवं गाइड्स से जुड़े विद्यार्थियों ने अपने दायित्व का कुशलता से निर्वाह किया. श्री वैभव महाजन ने धन्यवाद ज्ञापन करते हुए दादरा एवं नगर हवेली की दीर्घायु स्वतंत्रता सेनानी जमनीबेन वारठा के जीवन और उनकी दादरा एवं नगर हवेली की मुक्ति में ऐतिहासिक भूमिका पर प्रकाश डाला. स्काउट एवं गाइडस यूनिट के डॉ. पवन अग्रवाल ने कार्यक्रम में अपने दायित्व का कुशल निर्वहन किया.













डॉ. शहाबुद्दीन,
कार्यक्रम अधिकारी
(राष्ट्रीय सेवा योजना)

डॉ. पवन अग्रवाल
समन्वयक
(स्काउट एवं गाइडस)

Programme Officer
NSS Unit,
Dr. APJ Abdul Kalam Govt. College,
Dokmardi